कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
Employees' State Insurance Corporation
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
ESIC

मुख्यालय Headquarters
पंचदीप भवन, सी.आई.जी.मार्ग, नई दिल्ली-110002
Panchdeep Bhawan, CIG Marg, N. Delhi-110002
वेबसाइट:www.esic.nic.in / www.esic.in
ईमेल: rajbhasha-hq@esic.nic.in

सं.: ए-49/13/1/2021-रा.भा./सम्मेलन

दिनांक :03/7/2024

सेवा में,

1. बीमा आयुक्त, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी, द्वारका, नई दिल्ली।
2. अपर आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक/ निदेशक/ प्रभारी संयुक्त निदेशक/ प्रभारी उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय/ उप क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम।
3. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी.निगम अस्पताल/ क.रा.बी.निगम आदर्श अस्पताल।
4. संकायाध्यक्ष, क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय/ दंत्य महाविद्यालय/ नर्सिंग महाविद्यालय, स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान।
5. निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली/ निदेशालय (चिकित्सा) नोएडा ।

**विषय : 32 वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के मसौदा कार्यवृत्त का प्रेषण - अनुवर्ती कार्रवाई की रिपोर्ट भेजने के संबंध में ।**

महोदय/ महोदया,

उपर्युक्त विषय पर इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 13.6.2024 का संदर्भ लें जिसके अंतर्गत क.रा.बी.निगम की सभी इकाइयों से राजभाषा सम्मेलन के कार्यवृत्त पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट दिनांक 28.6.2024 तक भेजने का अनुरोध किया गया था। सूचित किया जाता है कि अंतिम तिथि तक केवल निम्नलिखित इकाइयों से ही रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं:-

**क्षेत्रीय कार्यालय :-** जयपुर, दिल्ली, मुंबई, गोवा, बेंगलुरु, जम्मू, रायपुर, गुवाहाटी, इंदौर, फरीदाबाद, झारखंड ।

**उप क्षेत्रीय कार्यालय:-**सूरत, भोपाल, गुरुग्राम, विशाखापट्टणम, बैरकपुर, नागपुर, वाराणसी, कोल्लम, लुधियाना, नासिक, एर्णाकुलम, पुणे, ठाणे, रोहिणी, तिरुपति, हुब्बलि, मैसूर, पीन्या, कोयंबतूर, नंदनगरी, दुर्गापुर, ओखला, बोम्म्संद्रा ।

**क.रा.बी.निगम अस्पताल:-** लुधियाना, गुरुग्राम, मानेसर, जयपुर, कोल्लम, बापुनगर- अहमदाबाद, आश्रमम, अलवर, जम्मू ।

यह देखने में आया है कि अधिकांश इकाइयों द्वारा सम्मेलन के कार्यवृत्त/ निर्णयों पर की गई कार्रवाई की बिंदुवार रिपोर्ट नहीं भेजी जा रही है। केवल "कार्रवाई की जा रही है", "अनुपालन किया जा रहा है", "अनुपालन किया जाएगा" जैसे सामान्य वाक्य लिखकर रिपोर्टें भेजी गई हैं जो स्वीकार्य नहीं है। कृपया बिंदुवार अनुपालन रिपोर्ट भिजवाने का श्रम करें। साथ ही, जिन इकाइयों ने वांछित अनुसार (बिंदुवार) रिपोर्ट भेजी है, वे इसे अनदेखा करें।

इसके अतिरिक्त, जिन इकाइयों (कार्यालय/ अस्पताल/ संस्थान) ने अभी तक उक्त रिपोर्ट प्रेषित नहीं की है, कृपया वे **दिनांक 12.7.2024** तक अनिवार्य रूप से rajbhasha-hq@esic.nic.in पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें।

**भवदीय,**

Signed by Shyam Kumar
Date: 03-07-2024 14:45:26

**(श्याम कुमार)**
**संयुक्त निदेशक (राजभाषा)**

प्रतिलिपि :

✓वेबसाइट सामग्री प्रबंधक को इस अनुरोध के साथ कि कृपया इसे क.रा.बी.निगम की वेबसाइट पर अपलोड करें।

03/7/2024

**संयुक्त निदेशक (राजभाषा)**